मईया जी मेरे संग रहना

तेरा मेरा मेरा तेरा साथ है निराला ।
ये दुनिया जले तो जले, मईया जी मेरे संग रहना ॥
पग पग मईया तूने मुझ को संभाला ।
ये दुनिया जले तो जले, मईया जी मेरे संग रहना ॥

तन मन धन दिया, जो भी दिया माँ ने,
मेरी ज़िन्दगी को तो निहाल किया माँ ने ।
अँधियारी ज़िन्दगी मे भर दिया उजाला,
ये दुनिया जले तो जले, मईया जी मेरे संग रहना ॥

जो भी पहले काम किया नाम लिया मईया का,
बन गया खिवैया नाम मेरी जीवन नईया का ।
माँ ने मेरी कश्ती तूफानो से निकाला,
ये दुनिया जले तो जले, मईया जी मेरे संग रहना ॥

माना मैं कपूत हूँ पर माता न कुमाता है,
दुखों की घडी में प्यार माँ का काम आता है ।
माँ की पाई ममता तो बना हिम्मत वाला,
ये दुनिया जले तो जले, मईया जी मेरे संग रहना ॥

'श्याम सुन्दर' मईया तेरे चरणों का दिवाना है,
जैसा भी हो तेरा, मुझे पड़ेगा निभाना है ।
बेटे ने जो बात कही माँ ने नहीं टाला,
ये दुनिया जले तो जले, मईया जी मेरे संग रहना ॥

Uploaded By : Roshan Gupta & Prince Goyal

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1611/title/maiya-ji-mere-sang-rehna-tera-mera-mera-tera-sath-hai-nirala-yeh-duniya-jale-to-jale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |